कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.10.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

शासकीय डॉ. वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शोध समिति के द्वारा सात दिवसीय ''इनोवेटिव ट्रेन्ड्स इन रिसर्च'' कार्यशाला का अयोजन किया गया।

विभिन्न विषयों में शोधरत् छात्राओं एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिये महत्वपूर्ण इस कार्यशाला में नवीन, बौद्धिक और शैक्षिक उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आरम्भ सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शोध के क्षेत्र में नवाचार एवं सारगर्भित जानकारियाँ अत्यन्त आवश्यक है जो शोधकार्य को गुणवत्तापूर्ण बनाने में सहायक होती है। स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को शोध के विभिन्न आयामों से परिचित होना आवश्यक है जिससे आगे जब वे इस क्षेत्र में कार्य करें तो उन्हें सैद्धांतिक एवं प्रयोगिक कार्य में कठिनाई न हो।

कार्यशाला की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि उच्च स्तरीय अनुसंधान में उच्च उपकरणों के अनुप्रयोग की तकनीक जानना प्रत्येक शोधार्थी के लिए आवश्यक है जिसके लिए उपयोगी एवं व्यवहारात्मक विषयवस्तु का चुनाव करने की क्षमता का विकास करने के लिए इस सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में अनुसंधान में नवीन प्राविधियाँ, स्टैटिक्स के मूलभूत सिद्धांत, शोध पत्रिकाओं का चुनाव, शोधपत्रों का प्रकाशन, शोधपत्रों की प्रस्तुति, प्लेगरिज्म की जानकारी विभिन्न विषय–वक्ता द्वारा प्रदान की गई।

जिसमें आरएसआर रूंगटा कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. आजनेय शर्मा, डॉ. रंजिता तिवारी मिश्रा, डॉ. प्रीति नवीन यादव, डॉ. लोकेश सिंह, सुश्री शिरीन कौसर, डॉ. अुनराग शर्मा ने प्रतिदिन उपस्थित होकर विद्यार्थियों को सारगर्भित जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने कार्यशाला में बड़ी संख्या में भाग लिया। आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन